माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल

द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा 2016-17

ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु निर्देश एवं विधि

1. प्रवेश परीक्षा फार्म केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किये जायेंगे। ऑनलाइन भुगतान करने के बाद ही आवेदन स्वीकार होगा।
2. ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा फार्म भरने हेतु **https://www.mponline.gov.in** को Open कर **CITIZEN SERVICES** लिंक पर क्लिक कर **Makhanlal University** का चयन कर भरा जा सकता है।
3. आवेदन पत्र भरने से पहले सावधानीपूर्वक निर्देशों को पढ़ लें। आप सभी आवश्यक निर्देश हेतु प्रवेश विवरणिका (Prospectus) विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.mcu.ac.in** एवं **www.mcnujc.ac.in** से डाउनलोड कर सकते हैं। www.mponline.gov.in से विवरणिका (Prospectus) डाउनलोड करने के लिए **क्लिक** करें|
4. आवेदक प्रत्येक ग्रुप के एक अथवा एक से अधिक और अन्य ग्रुप के एक अथवा एक से अधिक पाठ्यक्रमों के लिये आवेदन कर सकता है। प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिये अलग-अलग फॉर्म भरकर निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा।
5. ऑनलाइन फॉर्म भरने हेतु **Apply for Admission Entrance** लिंक पर क्लिक करें। पाठ्यक्रम ग्रुप से एक पाठ्यक्रम का चयन कर फॉर्म भर कर भुगतान करें। इसके पश्चात् यदि आवेदक इसी ग्रुप में दूसरे विषय का फॉर्म भरना चाहता है **तो Click to apply additional course in Same Group** लिंक पर क्लिक करे तथा अपने पहले आवेदित पाठ्यक्रम हेतु जारी **Application Number** का उपयोग करते हुए दूसरे पाठ्यक्रम हेतु आवेदन करे। दूसरे ग्रुप के पाठ्यक्रम हेतु आवेदन करने के लिए पृथक से आवेदन करना होगा|
6. आवेदन पत्र दिनांक **05/05/2016 से दिनांक 06/06/2016 को रात्रि 12.00** बजे तक ऑनलाइन भरे जा सकते हैं।
7. प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र (Admit Card) प्राप्त करने के लिये "Download Admit Card" लिंक पर क्लिक करें। Form Number का उपयोग कर प्रवेश पत्र (Admit Card) डाउनलोड किया जा सकता है। "Download Admit Card" लिंक दिनांक **8 जून 2016 से 12 जून 2016** के मध्य www.mponline.gov.in तथा विश्वविद्यालय की वेबसाइटों www.mcu.ac.in तथा www.mcnujc.ac.in पर एक्टिव रहेगा।

परीक्षा शुल्कः-

8. प्रवेश परीक्षा फार्म का शुल्क - सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु रुपये 350/– एवं मध्य प्रदेश के अनुसूचित जाति/जनजाति के लिये 250/– ऑनलाइन देय होगा (पोर्टल शुल्क सहित)।
9. एक अभ्यर्थी एक से अधिक पाठ्यक्रम के लिये आवेदन कर सकता है। प्रत्येक अतिरिक्त पाठ्यक्रम के लिये आवेदन शुल्क 250/– रुपये (रुपये 150/– मध्यप्रदेश के SC/ST के लिए) अतिरिक्त ऑनलाईन देय होगा। (पोर्टल शुल्क सहित)

10. विश्वविद्यालय डी.सी.ए. एवं पी.जी.डी.सी.ए. पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन नहीं करेगा| इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश, आवेदक के अर्हताकारी परीक्षा में प्राप्त अंकों की मेरिट के आधार पर दिया जाएगा| इन पाठ्यक्रमों के लिये आवेदन शुल्क 100/– रुपये ऑनलाईन देय होगा। (पोर्टल शुल्क सहित)
11. विश्वविद्यालय किसी भी स्थिति में Unpaid फॉर्म स्वीकार नहीं करेगा अतः आवेदक यह सुनिश्चित कर लेवें कि उन्होंने ऑनलाइन फॉर्म भरकर भुगतान कर दिया है एवं ऑनलाइन रसीद प्राप्त कर ली है|

ऑनलाइन आवेदन भरने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारीः-

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा 2016-17 के लिए आवेदन पत्र वेबसाइट **https://www.mponline.gov.in** पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं। आवेदक इंटरनेट कैफे/स्वयं के कम्प्यूटर अथवा लैपटॉप द्वारा इंटरनेट के माध्यम से आवेदन एवं शुल्क भुगतान कर सकता है। साथ ही मध्य प्रदेश राज्य के जिला, तहसील एवं ब्लाक एवं कुछ ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित एमपी ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्कों के माध्यम से भी आवेदन एवं शुल्क भुगतान किया जा सकता है। एमपीऑनलाइन के अधिकृत कियोस्कों की सूची के लिए **https://www.mponline.gov.in** पर **Authorized Kiosk list** देखें।

I. इंटरनेट कैफे या घर बैठे स्वयं के कम्प्यूटर/लैपटॉप के द्वारा इंटरनेट के माध्यम से आवेदन फार्म भरने की विधिः-

आवेदक **https://www.mponline.gov.in** वेबसाइट के माध्यम से **होम पेज पर Citizen Services** क्लिक करें इसके उपरांत Application लिंक पर जाकर

बटन को क्लिक करें **जहां निम्न** Screen दिखाई देंगे।



आवेदक इंटरनेट कैफे के माध्यम से या घर बैठे स्वयं भी अपना फार्म भर सकता है। आवेदक को फार्म में मांगी गईं समस्त जानकारियों को सही-सही भरना अनिवार्य है। आवेदक को फार्म पृष्ठ पर नीचे की ओर एक बटन **Image/Sign Upload** दिखाई देगा। इसमें आवेदक को अपना फोटो-हस्ताक्षर सहित स्कैन कर अटैच करना है। इस बटन के नीचे आवेदक को फोटो-हस्ताक्षर का प्रारूप दिखाई देगा। अपना फोटो-हस्ताक्षर सहित स्कैन कर **jpg** या **gif** फार्मेट में ही सेव करें। आवेदक फार्म को पूर्ण रूप से भरने के बाद उसे अच्छी तरह पढ़ लें और यह सुनिश्चित कर लें कि फार्म में जो भी जानकारी भरी गई हैं वह सही है। यदि फार्म में कोई गलत जानकारी भर दी गई है तो पुनः उसे ठीक कर लें। इसके उपरांत ही

Submit बटन दबाए। इससे आवेदक को एक आवेदन फार्म नंबर **(Application Number)** प्राप्त होगा। इसके उपरांत आवेदक परीक्षा शुल्क के भुगतान के लिए **Payment** बटन दबाएगा तो उसे परीक्षा शुल्क भुगतान हेतु Different Option दिखाई देंगेः- ATM cum Debit Card/Credit Card/ any Internet Banking:

1. **क्रेडिट/एटीएम कम डेबिट कार्ड के माध्यम से परीक्षा शुल्क का भुगतानः-** आवेदक किसी भी इंटरनेट कैफे या घर बैठे भी स्वयं इंटरनेट के माध्यम से कम्प्यूटर द्वारा अपना फार्म भर सकता है। फार्म भरने के उपरांत परीक्षा शुल्क का भुगतान किसी भी बैंक के क्रेडिट/एटीएम कम डेबिट कार्ड के माध्यम से किया जा सकता है। आवेदक द्वारा फार्म भरने के उपरांत परीक्षा शुल्क का भुगतान करने के लिए **Proceed to Payment** बटन दबाने पर कम्प्यूटर स्क्रीन पर कई पेमेंट गेटवे दिखाई देंगे। उपयुक्त पेमेंट गेटवे का चयन कर इसमें क्रेडिट/ एटीएम कम डेबिट कार्ड का विवरण भरने के उपरांत कन्फर्म बटन दबाकर परीक्षा शुल्क का भुगतान किया जा सकता है। आवेदक को परीक्षा शुल्क भुगतान प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण होने के बाद कम्प्यूटराइज्ड रसीद प्राप्त होगी। जिस पर उसकी ट्रांजेक्शन संबंधी जानकारी भी अंकित होगी। आवेदक इस रसीद को संभालकर रखें।
2. **इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से परीक्षा शुल्क का भुगतानः-** आवेदक चाहे तो स्वयं घर बैठे इंटरनेट या इंटरनेट कैफे के माध्यम से फार्म भरकर परीक्षा शुल्क का भुगतान किसी भी बैंक के इंटरनेट बैंकिंग से कर सकता है। आवेदक फार्म भरने के उपरांत **Payment** बटन दबाएगा यहां पर उसे इंटरनेट बैंकिंग आप्शन दिखाई देगा। इसे क्लिक करने पर वह अपने बैंक द्वारा प्रदान यूजर आईडी पासवर्ड डालकर लागिन करेगा। इस प्रक्रिया से आवेदक अपने बैंक एकाउंट से शुल्क का भुगतान कर सकता है। सफलतापूर्वक भुगतान प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद आवेदक को स्क्रीन पर पावती नंबर और आवेदक का विवरण दिखाई देगा। Transaction Successful दिखने पर View / Print Receipt लिंक से Receipt प्रिंट कर लें. एवं Transaction Failure दिखने पर Process Net-banking Failed Transaction (जो कि MPOnline के होम पेजपर उपलब्ध है) लिंक से Process करें।

II. एमपीऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से आवेदन फार्म भरने की विधिः-

आवेदक आवेदन फार्म भरने के लिए अपने नजदीकी एमपीऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क पर जावेगा। कियोस्क संचालक **https://www.mponline.gov.in** वेबसाइट ओपन कर अपना यूजर आईडी और पासवर्ड डालकर लागिन टाइप में कियोस्क सिलेक्ट कर लागिन करेगा। इसके उपरांत सर्विसेज में जाकर एप्लीकेशन में **Makhanlal University** सिलेक्ट कर सर्वप्रथम फार्म भरने संबंधी निर्देश और जानकारियां आवेदक को उपलब्ध कराएगा। आवेदक इन्हें सावधानीपूर्वक पढ़ ले ताकि मांगी गई समस्त जानकारियां फार्म में सही भरी जा सकें। इसके उपरांत आवेदक कियोस्क संचालक को अपनी समस्त जानकारी उपलब्ध कराकर फार्म भरवा लें। कियोस्क संचालक को **Payment** बटन दबाकर परीक्षा शुल्क का भुगतान करने को कहे। कियोस्क संचालक भुगतान प्रक्रिया पूर्ण होने पर कम्प्यूटराइज्ड रसीद आवेदक को प्रदान करेगा। इस रसीद में परीक्षा शुल्क, पोर्टल शुल्क, Transaction Id, Payment status & date, Form No., Application no., Barcode etc. की पूरी जानकारी अंकित रहेगी। साथ ही आवेदक से संबंधित पूर्ण जानकारी भी रसीद में अंकित होगी।

<u>आवेदक इसे ध्यानपूर्वक पढ़ लें और तथा अपने पास संभालकर रखें।</u>

<u>जानकारी की शुद्धता एवं सत्यता का पूरा उत्तरदायित्व आवेदक का होगा।</u>

III. यदि आवेदक के पास क्रेडिट कार्ड या नेटबैंकिंग सुविधा उपलब्ध नहीं है तो भरे गये फार्म का कियोस्क के माध्यम से **Pay Unpaid Application** लिंक द्वारा परीक्षा शुल्क का नगद भुगतान कर सकता है। इसके लिए आवेदक को उपरोक्त बताये गये बिन्दु में दर्शाई गई विधि अनुसार फार्म भरने के उपरांत अपने नजदीक में स्थापित एमपीऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क पर जाकर भरे गये फार्म का आवेदन क्रमांक एवं अपनी जन्मतिथि कियोस्क संचालक को बताना होगा। इसके उपरांत कियोस्क संचालक **<u>Pay Unpaid Application</u>** में उक्त जानकारियां भरकर फार्म ओपन कर लेगा। इसके उपरांत **Payment** बटन दबाकर परीक्षा शुल्क का भुगतान कर देगा। शुल्क भुगतान प्रक्रिया पूर्ण होने पर कियोस्क संचालक आवेदक को कम्प्यूटराइज्ड रसीद प्रदान करेगा। इस रसीद में परीक्षा शुल्क, पोर्टल शुल्क, transaction id, form no., application no. की जानकारी के साथ आवेदक से संबंधित समस्त जानकारी अंकित होगी।

आवेदकों से निवेदन है कि ''ऑनलाइन आवेदन'' की पावती पृष्ठ (जिसका ऑनलाइन भुगतान किया गया हो एवं Transaction id, Form no., application no, barcode. हो) की प्रति भविष्य के लिए संभाल कर रखे।

आवेदन कैसे करें -

1. पाठ्यक्रमों में प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा के आधार पर तैयार की गई मेरिट लिस्ट के आधार पर दिया जायेगा। प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों को निम्नानुसार समूहों (ग्रुप) में विभाजित किया गया है। प्रत्येक ग्रुप में शामिल विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए एक ही (कॉमन) प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी। पाठ्यक्रम ग्रुप, पाठ्यक्रम एवं अर्हता संबंधी जानकारी निम्नानुसार है।

ग्रुप	पाठ्यक्रम	कोड	अर्हता
ग्रुप-ए	स्नातकोत्तर पत्रकारिता	MJ	किसी भी विषय में स्नातक
	एम.ए. जनसंचार	MA:MC	किसी भी विषय में स्नातक
	एम.ए. विज्ञापन एवं जनसंपर्क	MA:APR	किसी भी विषय में स्नातक
	एम.एससी. मीडिया शोध	MSc:MR	किसी भी विषय में स्नातक
ग्रुप-बी	एम.एससी. इलेक्ट्रॉनिक मीडिया	MSc:EM	किसी भी विषय में स्नातक
	एम.एससी. फिल्म प्रोडक्शन	MSc:FP	किसी भी विषय में स्नातक
	एम.एससी. न्यू मीडिया	MSc:NM	किसी भी विषय में स्नातक
	एम.ए. प्रसारण पत्रकारिता	MA:BJ	किसी भी विषय में स्नातक
	एम.ए. न्यू मीडिया कंटेंट डिजाईन	MA:NMCD	किसी भी विषय में स्नातक
ग्रुप-सी	मास्टर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन्स	MCA	12वीं अथवा स्नातक में गणित विषय सहित 50 प्रतिशत अंकों के साथ तीन वर्षीय स्नातक उपाधि (अजा/अजजा के लिए 45 प्रतिशत)
	मास्टर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन्स (लेटरल एंट्री : एमसीए द्वितीय वर्ष	MCA(LE)	12वीं अथवा स्नातक में गणित विषय सहित 50 प्रतिशत अंकों के

ग्रुप	पाठ्यक्रम	कोड	अर्हता
	में प्रवेश)		साथ तीन वर्षीय बीसीए, बीएससी (आईटी/ कम्प्यूटर विज्ञान) (अजा/अजजा के लिए 45 प्रतिशत)
	एम.एससी. क्लाउड कंप्यूटिंग	MSc:CC	कंप्यूटर के सामान्य ज्ञान के साथ किसी भी विषय में स्नातक अथवा किसी भी विषय में स्नातक (कंप्यूटर के ज्ञान के लिए विश्वविद्यालय द्वारा संचालित ब्रिज कोर्स मुख्य पाठ्यक्रम के साथ ही उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा)
	एम.एससी. बिग डाटा एनालिटिक्स	MSc:BDA	कंप्यूटर के सामान्य ज्ञान के साथ किसी भी विषय में स्नातक अथवा किसी भी विषय में स्नातक (कंप्यूटर के ज्ञान के लिए विश्वविद्यालय द्वारा संचालित ब्रिज कोर्स मुख्य पाठ्यक्रम के साथ ही उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा)
	एम.एससी. इनफार्मेशन एंड साइबर सिक्यूरिटी	MSc:ICS	कंप्यूटर के सामान्य ज्ञान के साथ किसी भी विषय में स्नातक अथवा किसी भी विषय में स्नातक (कंप्यूटर के ज्ञान के लिए विश्वविद्यालय द्वारा संचालित ब्रिज कोर्स मुख्य पाठ्यक्रम के साथ ही उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा)
ग्रुप-डी	एम.बी.ए. मीडिया प्रबंधन	MBA:MM	50 प्रतिशत अंकों के साथ किसी भी विषय में स्नातक (अजा/अजजा के लिए 45 प्रतिशत)
	एम.बी.ए. कॉर्पोरेट संचार	MBA:CC	
	एम.बी.ए. विज्ञापन एवं विपणन	MBA:AMC	
	एम.बी.ए. मनोरंजन संचार	MBA:EC	
ग्रुप-ई	बी.ए. (जनसंचार)	BA:MC	किसी भी विषय में 12वीं
	बी.एससी. (इलेक्ट्रॉनिक मीडिया)	BSc:EM	किसी भी विषय में 12वीं
	बी.बी.ए. (जनसंचार)	BBA:MC	किसी भी विषय में 12वीं
ग्रुप-एफ	बैचलर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशंस	BCA	किसी भी विषय में 12वीं
	बी.एससी. मल्टीमीडिया,	BSc:MM	किसी भी विषय में 12वीं
	बी.एससी. ग्राफिक्स एवं एनीमेशन	BSc:GA	किसी भी विषय में 12वीं
	बी.बी.ए. ई-कॉमर्स	BBA:EC	किसी भी विषय में 12वीं

ग्रुप	पाठ्यक्रम	कोड	अर्हता
ग्रुप-जी	बी.टेक. (प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग)	BTech:PP	गणित, भौतिकी के साथ रसायन/कम्प्यूटर विज्ञान में 12वीं
	बी.टेक. (प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग) (लेटरल एंट्री : द्वितीय वर्ष में प्रवेश)	BTech:PP (LE)	प्रिंटिंग/पैकेजिंग/प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग में तीन वर्षीय पॉलिटेक्निक डिप्लोमा
ग्रुप-एच	एम. फिल. (मीडिया अध्ययन)	MPhil:MS	55 प्रतिशत अंकों के साथ जनसंचार से संबंधित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि
ग्रुप-आई	पीजी डिप्लोमा-कम्प्यूटर एप्लीकेशंस(पीजीडीसीए)	PGDCA	किसी भी विषय में स्नातक
	डिप्लोमा-कम्प्यूटर एप्लीकेशंस(डीसीए)	DCA	किसी भी विषय में 12वीं

- अहर्ताकारी परीक्षा के अंतिम वर्ष की परीक्षा देने वाले छात्र आवेदन के योग्य हैं। लेकिन ऐसे छात्रों को प्रवेश के समय अहर्ताकारी परीक्षा उत्तीर्ण करने व प्राप्त अंकों का प्रमाण आवश्यक रूप से प्रस्तुत करना होगा।
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशंस (पीजीडीसीए) तथा डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशंस (डीसीए) में प्रवेश अर्हताधारी परीक्षा में प्राप्त अंकों की मेरिट के आधार पर किया जाएगा।
- काउन्सिलिंग के समय सभी प्रमाणपत्रों की मूलप्रति परीक्षण के लिए प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य आवश्यक अहर्ताओं हेतु प्रस्तुत किये जाने वाले प्रपत्रों एवं अंकसूचियों की समस्त जिम्मेदारी विद्यार्थी की होगी।

प्रवेश प्रक्रिया:

- पाठयक्रमों में प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के आधार पर तैयार की गई मेरिट लिस्ट के आधार पर दिया जायेगा।
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशंस (पीजीडीसीए) तथा डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशंस (डीसीए) में प्रवेश अर्हताधारी परीक्षा में प्राप्त अंकों की मेरिट के आधार पर किया जाएगा।
- प्रवेश परीक्षा रविवार **12 जून 2016** को आयोजित की जायेगी। प्रवेश परीक्षा भोपाल, जबलपुर, इन्दौर, ग्वालियर, रीवा, खंडवा, रायपुर, कोलकाता, लखनऊ, पटना, राँची, जयपुर, कोटा, दिल्ली (नोएडा), शिमला, गुवाहाटी एवं जम्मू में आयोजित की जायेगी।

  प्रवेश परीक्षा की रूपरेखा निम्नानुसार होगी -

ग्रुप - ए	प्रातः **08.00-09.30**
ग्रुप - बी	प्रातः **10.30-12.00**
ग्रुप - सी	दोपहर **1.00-2.30**
ग्रुप - डी	दोपहर **3.30-5.00**
ग्रुप - ई	दोपहर **1.00-2.30**
ग्रुप - एफ	प्रातः **10.30-12.00**
ग्रुप - जी	प्रातः **08.00-09.30**
ग्रुप - एच	दोपहर **3.30-5.00**
ग्रुप - आई	(प्रवेश अर्हताधारी परीक्षा में प्राप्त अंकों की मेरिट के आधार पर).

प्रवेश परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रश्न आधारित होगी। **90** मिनट (डेढ़ घंटा) की परीक्षा के दौरान अभिरुचि, तर्कशक्ति, भाषा दक्षता एवं सृजनात्मकता से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे। ग्रुप-सी (एमसीए-3 वर्षीय पाठ्यक्रम) की परीक्षा में तार्किक, गणितीय क्षमताओं एवं कम्प्यूटर जागरुकता से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे। एमसीए-2 वर्षीय लेटरल एंट्री पाठ्यक्रम की परीक्षा में तार्किक, गणितीय क्षमताओं एवं कम्प्यूटर दक्षता से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे। बी.टेक. (प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग) की प्रवेश परीक्षा में सामान्य गणित, भौतिकी एवं रसायनशास्त्र से सम्बंधित प्रश्न भी पूछे जायेंगे| विश्वविद्यालय द्वारा संचालित एमबीए पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा में मात्रात्मक तकनीक एवं तथ्य विश्लेषण, तर्कशक्ति, भाषा दक्षता एवं सामान्य ज्ञान से सम्बंधित प्रश्न पूछे जायेंगे। एम. फिल.(मीडिया अध्ययन) की परीक्षा यू.जी.सी. नेट के पाठ्यक्रम पर आधारित होगी जिसमें मीडिया एवं जनसंचार से सम्बंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे।

- प्रवेश परीक्षा हेतु परीक्षार्थियों को ओ.एम.आर. शीट उपलब्ध कराई जाएगी।
- उम्मीदवारों को प्रवेश परीक्षा केन्द्र, रोल नं एवं .प्रवेश पत्र ऑनलाईन उपलब्ध होंगे|
- प्रवेश परीक्षा के उपरांत चयनित उम्मीदवारों की सूची पाठयक्रम अनुसार विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जायेगी।
- सभी परिसरों के प्रवेश हेतु एक पाठयक्रम का एक ही आवेदन पत्र वांछनीय है। पाठयक्रम एवं परिसर का चयन काउंसलिंग के समय मेरिट के आधार पर किया जायेगा।

MPOnline

<u>महत्वपूर्ण तिथियाँ</u>

प्रवेश परीक्षा दिनांकः- रविवार, 12 जून 2016

काउंसलिंग तिथियाँ/COUNSELLING DATES

प्रथम काउंसलिंग/First Counselling – 27-06-2016

द्वितीय काउंसलिंग/Second Counselling – 07-07-2016

*** काउंसलिंग के बाद दो दिन के अंदर फीस की प्रथम किश्त जमा करनी होगी|**

नया सत्र प्रारम्भ – 1 जुलाई 2016

1. <u>For Administrative Enquiry; contact:</u>	2. <u>For Technical Enquiry; contact:</u>
Makhanlal Chaturvedi National University of Journalism and Communication B-38, “Vikas Bhavan”, Opposite Dak Bhawan, Press Complex, Zone-I, M.P. Nagar, Bhopal – 462011; Ph- 0755 - 2553523	**MPOnline Limited** **2nd Floor, Nirupam Shopping Mall, Ahmadpur, Hoshangabad Road, Bhopal 422026 (MP);** **Ph. No. +91 – 755 – 4019400 to 06 (six lines);** **URL:** https://www.mponline.gov.in

****किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर MPOnline Portal पर जाकर नीचे दिए गए Screen से Complaint lock करें एवं Status जाने:**



MPOnline